आकाशवाणी शिमला

10.01.2025 / प्रादेशिक समाचार / 18.00 बजे

एम.ओ.यू.

हिमाचल प्रदेश सरकार और फ्रेंच डेवलपमेंट एजेंसी के बीच आपदा जोखिम न्यूनीकरण और तैयारी परियोजना को लेकर आज शिमला में 9 सौ करोड़ रूपए के समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए। इस परियोजना का मुख्य उद्देश्य राज्य को प्राकृतिक आपदाओं से होने वाले जोखिम को कम करना है। इस मौके पर मुख्य सचिव प्रबोध सक्सेना अतिरिक्त मुख्य सचिव ओंकार शर्मा और परियोजना निदेशक निशांत ठाकुर भी मौजूद रहे। ओंकार शर्मा ने इस मौके पर कहा कि हिमाचल प्राकृतिक आपदाओं से लगातार ग्रस्ति हो रहा है। ऐसे में आपदा प्रबंधन को सुदृढ़ करने के मकसद से इस समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए हैं। परियोजना के तहत प्राकृतिक आपदाओं के लिए प्रारंभिक चेतावनी प्रणाली, बाढ़, पूर्वानुमान में सुधार और कृषि के लिए जलवायु सहायता प्रदान करना व व्यापक आपदा प्रतिक्रिया प्रशिक्षण कार्यक्रमों का आयोजन होगा।

निर्वाचन आयोग

राज्य निर्वाचन आयोग अनिल कुमार खाची ने कहा है कि प्रदेश में इस साल होने वाले पंचायतीराज संस्थाओं और शहरी निकायों के आम चुनावों के लिए तैयारियां आरंभ कर दी हैं। खाची ने आज नहान में प्रशासनिक अधिकारियों की एक बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि आयोग ने मतपेटियों की मुरम्मत का कार्य पूरा कर लिया है और इन पर पैंटिंग, क्यूआर कोडिंग, आयलिंग और ग्रीसींग का कार्य किया जा रहा है। उन्होंने अधिकारियों को वार्डबंदी, मतदाता सूचियों का अद्यतन आरक्षण का कार्य आयोग के दिशा निर्देशों के अनुरूप करने के आदेश दिए।

## इल्मा अफरोज़

आईपीएस अधिकारी इल्मा अफरोज़ बद्दी की पुलिस अधीक्षक बनी रहेंगी। प्रदेश हाईकोर्ट ने इल्मा अफरोज़ के तबादले पर रोक लगा दी है। इल्मा अफरोज़ को बद्दी में ही पुलिस अधीक्षक लगाए रखने की याचिका पर आज प्रदेश हाईकोर्ट में मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति जीएस संधवालीया और न्यायामूर्ति सत्येन वैद्य की खंडपीठ में सुनवाई हुई। इसके उपरांत हाईकोर्ट ने ये फैसला सुनाया। इल्मा अफरोज का तबादला रद् करने और उन्हें बद्दी में ही एसपी लगाए रखने को लेकर सुच्चा राम नामक व्यक्ति द्वारा जन हित याचिका हाईकोर्ट में दायर की गई थी। प्राथी के अधिवक्ता आरएल चौधरी ने कहा कि अदालत ने बद्दी में एसपी की तैनाती के लिए सरकार से तीन अधिकारियों के नाम मांगे थे लेकिन सरकार ये नाम नहीं दे सकी। सरकार के जवाब के बाद हाईकोर्ट ने इस मामले में यथास्थिति दिए हैं।

## सुनील बिट्टू

मुख्यमंत्री क राजनीति के सलाहकार सुनील शर्मा बिट्टू ने कहा है कि प्रदेश सरकार शैक्षणिक ढांचे में कई बड़े सुधार कर रही है ताकि आम परिवारों के बच्चों को भी बेहतरीन शिक्षा उपलब्ध हो  सके। सुनील शर्मा बिट्टू आज राजकीय वष्ठि माध्यमिक पाठशाला ताल के वार्षिक उत्सव के मौके पर बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू राजनीति से उपर उठकर आम जनता के हित में कार्य कर रहे हैं और हमीरपुर जिला को कई बड़े प्रौजेक्टों से संवार रहे हैं। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री ने हमीरपुर को मेडिकल कॉलेज, बस स्टैंड़ और नगर निगम जैसे बड़े तोहफे दिए हैं। सुनील शर्मा बिट्टू ने इस मौके पर स्कूल के मेधावी विद्यार्थियों को पुरस्कृत भी किया।

टेबल टेनिस

उपायुक्त शिमला अनुपम कश्यप ने कहा है कि वर्ष 2025 शिमला जिला में टेबल टेनिस खेल को बढ़ावा देने के लिए समर्पित होगा। उपायुक्त आज शिमला जिला टेबल टेनिस एसोसिएशन की एक बैठक को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि नशे के खिलाफ मुहिम और युवाओं को खेल के प्रति प्रोत्साहित करने के लिए जिला स्तरीय इंटर स्कूल प्रतियोगिता मई महीने में आयोजित की जाएगी। इसके लिए सभी स्कूलों से पत्राचार किया जाएगा ताकि अधिक से अधिक बच्चे इसमें भाग ले सकें।

---